RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 344 | नागौर, 26 नवम्बर, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition



# गैंगरेप के बाद पिता को सड़क किनारे लहूलुहान मिली बेटी

## बोल-सुन नहीं सकती है युवती

मूक बधिर युवती ने इशारों में घटना की जानकारी दी

चार दरिंदों ने दिन-दहाड़े किया किडनैप

बाड़मेर।

प्रदेश में एक के बाद एक गैंगरेप के मामले बढ़ते जा रहे हैं। एक और ऐसा मामला सामने आया है, जहां बदमाशों ने मूक बधिर दलित युवती के साथ गैंगरेप किया। खून से लथपथ हालत में परिजन देर रात उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। मामला सामने आने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामला बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थाना इलाके का है।

### शाम 4 बजे घर से निकली थी युवती

पुलिस को परिजनों से मिली रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को शाम को करीब 4 बजे मूक बधिर युवती (20) स्कूल के पास में बकरियां चराने के लिए गई थी। तभी एक सफेद बोलेरो कैंपर सड़क के किनारे आकर रुकी।

इसमें दो-चार युवक उतरे और खेत में बकरियां चार रही युवती के मुंह पर हाथ रख वन विभाग के एरिया की दीवार के पीछे ले जाकर युवकों ने बारी-बारी रेप किया। युवती के अंदरूनी अंगों पर गहरी चोट से बेहोश हो गई। पिता ने बताया कि देर शाम तक युवती जब घर पर नहीं आई तो मैं और एक अन्य पैरों के निशान देखकर मौके पर गए। वहां पर मेरी युवती बेहोश की हालात में पड़ी थी। युवती को धोरीमन्ना हॉस्पिटल लाए। उसने इशारों में हमें उक्त घटना की जानकारी दी। युवकों के पैरों के निशान भी मौके पर मौजूद है। सूचना पर धोरीमन्ना पुलिस मौके पर पहुंची।

## धोरीमन्ना थाना घेरने BJYM प्रदेशाध्यक्ष रवाना

### पूनिया बोले- हे भगवान! कब रुकेगी ये हैवानियत, समाज भी गिर रहा

बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना कस्बे में बकरियां चराने गई 20 साल की मूक-बधिर दलित युवती का किडनैप कर गैंगरेप करने के मामले को बीजेपी राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दे के रूप में उठाएगी। प्रदेश कांग्रेस की गहलोत सरकार की चौथी वर्षगांठ से पहले बीजेपी को बड़ा मुद्दा हाथ लगा है। पार्टी बिगड़े लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे पर गहलोत सरकार को तो घेरेगी ही, गुजरात और हिमाचल राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव से पहले गैंगरेप के इस मामले को राष्ट्रीय मुद्दा भी बनाया जाएगा।

युवा मोर्चा और महिला मोर्चा को प्रमुखता के साथ इस मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरने को कहा गया है। बीजेपी ने मुद्दे पर बड़े आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा- हे भगवान, यह हैवानियत कब रुकेगी। समाज भी गिर रहा है और कांग्रेस सरकार भी गिर रही है। सतीश पूनिया के निर्देश पर बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा बाड़मेर के धोरीमन्ना के लिए जयपुर से रवाना हो गए हैं। वह बाड़मेर बीजेपी संगठन और मोर्चों के साथ मिलकर बीजेपी युवा मोर्चा कार्यकर्ता धोरीमन्ना थाने का घेराव करेगा। बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा- राजस्थान के मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त हैं। लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा बुलंद करने वाली प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गाांधी की भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं और राजस्थान के धोरीमन्ना में एक नाबालिग दलित बहन के साथ दुष्कर्म किया जाता है। यह बहुत दिल को दहला देने वाली घटना है। राजस्थान के अंदर इस तरह की घटनाओं का ग्राफ रोजाना बढ़ रहा है। मैं हमारे सभी युवा मोर्चा के साथियों के साथ धोरीमन्ना थाने के घेराव के लिए निकल चुका हूं।

## गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी किया




नई दिल्ली

गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी किया। घोषणा पत्र राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जारी किया। पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है, कांग्रेस स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के अंधाधुंध निजीकरण को रोकेगी। राजस्थान के सीएम द्वारा जारी जन घोषणा पत्र कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आठ वादों को घोषणा पत्र के केंद्र में रखेगा। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र में किसानों की कर्जमाफी, 500 रुपये में गैस सिलेंडर और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया गया था। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है, गुजरात के युवाओं को गरिमा के साथ जीवन जीने में मदद करने के लिए, कांग्रेस रिक्त 10 लाख सरकारी सीटों पर भर्ती सुनिश्चित करेगी। साथ ही कांग्रेस जनता मेडिकल स्टोर की चेन बनाने के अलावा पुरानी पेंशन योजना लागू करेगी।

## भाजपा का आरोप-राहुल की यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

## कांग्रेस बोली- भाजपा की साजिश; सीएम ने कहा- कार्रवाई होगी

भोपाल.

मध्यप्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उस वक्त विवादों में घिर गई, जब भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी कर यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाने का दावा किया। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच सोशल मीडिया पर वॉर छिड़ गई है। कांग्रेस ने इसे भाजपा की बौखलाहट और यात्रा को बदनाम करने की साजिश बताया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले किसी भी कीमत पर बचेंगे नहीं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिवराज के अलावा भाजपा के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस को निशाने पर लिया।

### एमपी में भारत जोड़ो यात्रा का तीसरा दिन

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मध्यप्रदेश में शुक्रवार को तीसरा दिन है। यात्रा अभी खरगोन जिले से गुजर रही है। जिसमें प्रियंका गांधी, उनके पति रॉबर्ट वाड्रा, पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह समेत कई सीनियर लीडर शामिल हैं।

### सीएम बोले- नारे लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

भारत जोड़ो यात्रा के इस वीडियो को लेकर मचे घमासान के बीच शिवराज सिंह ने लिखा- भारत जोड़ो यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगना, यह भारत जोड़ना है या भारत को तोड़ने वालों को साथ जोड़ना है। पहले भी भारत तोड़ा है, क्या फिर भारत तोड़ने का इरादा है? पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले किसी भी कीमत पर बचेंगे नहीं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जयराम रमेश बोले- भाजपा यात्रा की सफलता से बौखलाई

कांग्रेस ने इसे भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे समर्थन पर भाजपा की बौखलाहट बताया।



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा को अपार जन समर्थन मिलता देख बौखलाई भाजपा ने यात्रा को बदनाम करने के लिए एक डॉक्टर्ड वीडियो चलाया है। हम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। हम भाजपा के ऐसे घिनौने हथकंडों के लिए तैयार हैं।

करारा जवाब दिया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा- खरगोन में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सरेआम पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे से कांग्रेस की देश तोड़ने की मानसिकता फिर से उजागर हुई है। यह बार बार साबित हो रहा है कि यह भारत तोड़ो यात्रा है। इस निंदनीय कृत्य के लिए राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की लगातार 5वीं हार

ऑकलैंड।

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया की हार का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को ऑकलैंड में खेले गए तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में कीवी टीम ने भारत को 7 विकेट से हरा दिया। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 306 रन बनाए। भारत की ओर से तीन बल्लेबाजों कप्तान शिखर धवन (72), शुभमन गिल (50) और श्रेयस अय्यर (80) ने हाफ सेंचुरी जमाई। जवाब में न्यूजीलैंड ने 47.1 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कीवी टीम के 3 विकेट 88 रन पर गिर गए थे।

## लगातार दूसरे दिन राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल हुई प्रियंका गांधी वाड्रा

नई दिल्ली

कांग्रेस के उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं अपने भाई राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' में अपने पति और बेटे के साथ लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को शामिल हुईं। मध्यप्रदेश में इस यात्रा के तीसरे दिन राहुल गांधी ने खरगोन जिले के खेरदा से पैदल चलना प्रारंभ किया। यात्रा में प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ उनके पति रॉबर्ट वाद्रा और बेटे रेहान भी पैदल चलते दिखाई दिए।

## कत्ल से पहले दृश्यम देखी, पार्ट-2 का था इंतजार

नई दिल्ली।

श्रद्धा वालकर मर्डर केस में आरोपी आफताब पूनावाला का शुक्रवार को तीसरे दिन भी पॉलीग्राफ टेस्ट हो सकता है। स्नस्रु डॉयरेक्टर दीपा वर्मा ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस टेस्ट से ऐसी कई बातें सामने आ रही हैं जो काफी चौंकाने वाली हैं। आफताब ने माना है कि उसने श्रद्धा के कत्ल से पहले बॉलीवुड फिल्म दृश्यम देखी थी, उसे पार्ट-2 का भी इंतजार था। एफएसएल सूत्रों के मुताबिक, दृश्यम देखकर ही वो मर्डर के बाद एक कहानी गढ़ने की फिराक में था।

## 2002 में उन्हें सबक सिखाया, गुजरात में अब स्थायी शांति

## कांग्रेस की शह पर होती थी सांप्रदायिक हिंसा : शाह

अहमदाबाद.

गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान शुक्रवार को 2002 का साल याद दिलाया। शाह ने खेड़ा की एक रैली में कहा- 1995 से पहले जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, तब असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद थे। 2002 में हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाया कि वे हिंसा करना भूल गए। इसके बाद भाजपा ने पूरे गुजरात में स्थायी शांति ला दी।

शाह ने कहा- गुजरात में सांप्रदायिक दंगों को भड़काने का काम कांग्रेस ने किया। मैं आज भरूच जिला में हूं। मैंने यहां बहुत दंगे देखे हैं। 2002 में इन्होंने हिंसा करने की हिम्मत की थी, इनको ऐसा पाठ पढ़ाया, चुन-चुन कर सीधा किया। जेल में डाला तो उसके बाद से 22 साल हो गए, कहीं कर्फ्यू नहीं लगाना पड़ा।

शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस राज्य में दंगे करवाकर अलग-अलग समुदाय और जाति के लोगों को एक-दूसरे से लड़ने के लिए भड़काती थी। कांग्रेस अपने वोट बैंक के लिए लोगों को हिंसा करने के लिए शह दिया करती थी। कांग्रेस ने सिर्फ अपने वोट बैंक को मजबूत किया और समाज के एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय किया।



**कांग्रेस के शासन में इज्जू शेख और लतीफ दादा होते थे**-शाह ने कहा- अपराधियों को कांग्रेस से लंबे समय तक समर्थन मिलने के कारण हिंसा करने की आदत हो गई थी। गुजरात में जब कांग्रेस का शासन था तो यहां इज्जू शेख, पीरजादा और लतीफ जैसे दादा हुआ करते थे। लेकिन, आज गुजरात के गांवों में अगर कोई एक दादा है तो वे हैं हनुमान दादा। बाकी कोई नहीं।

## शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले बुलाई जाएगी सर्वदलीय बैठक

### संसदीय कार्य मंत्री ने सुचारू कामकाज के लिए मांगा सहयोग

नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होगा और ये 29 दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी महत्वपूर्ण विधायी कार्य पर चर्चा करने के लिए शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले 6 दिसंबर को संसद में लोकसभा और राज्यसभा के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलाएंगे। वह संसद के शीतकालीन सत्र में उठाए जाने वाले संभावित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। विधायी कार्य और संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में उठाए जाने वाले संभावित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए लोकसभा/राज्यसभा में राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं की बैठक के लिए आपको आमंत्रित करते हुए मुझे खुशी हो रही है। दोनों सदनों के फ्लोर लीडर्स।

प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैं दोनों सदनों के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए आपका सहयोग भी चाहता हूं। बैठक मंगलवार 6 दिसंबर 2022 को संसद पुस्तकालय भवन, संसद भवन में सुबह 11 बजे होगी। संसद का शीतकालीन सत्र इस



साल 7 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने पहले घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आगामी शीतकालीन सत्र में कुल 17 कार्य दिवस होंगे। विशेष रूप से यह पहला सत्र होगा, जिसके दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यसभा के सभापति, उच्च सदन (राज्य सभा) में कार्यवाही करेंगे।

### राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन

## शिक्षकों की भूमिका समाज में सर्वाधिक महत्वपूर्ण : गहलोत




जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय रहता है। समाज के उत्थान में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। डॉ. अम्बेडकर ने भी समाज को संगठित रहो, शिक्षित बनो, संघर्ष करो का नारा दिया था। श्री गहलोत शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्षों से समाज को प्रेरणा मिलती है। दक्षिण अफ्रीका में नस्लभेद झेलने के बाद गांधीजी ने सत्य और अंहिसा के बल पर देश को आजादी दिलाई। समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण गांधी जी का ध्येय था।

डॉ. अम्बेडकर ने विभिन्न सामाजिक भेदभावों का सामना कर शिक्षा हासिल की और देश के संविधान की रचना की। आज देश के लिए डॉ. अम्बेडकर के योगदानों को सभी राजनीतिक दलों के द्वारा स्वीकार किया गया है। श्री गहलोत ने कहा कि आज पूरे देश में पदोन्नति में आरक्षण देने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है।

## सम्पादकीय

# हिंसा की जमीन

यह सवाल लंबे समय से दोहराया जाता रहा है कि आखिर क्या वजह है कि दिल्ली में अपराध और हिंसा पर लगाम नहीं लग पा रही। अन्य राज्यों की तुलना में यहां की पुलिस अधिक सक्षम और तत्पर मानी जाती है। अपराधियों की धर-पकड़ में भी उसकी दक्षता अधिक है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। मगर इसके बावजूद अपराधियों में उसका खौफ पैदा नहीं हो पा रहा, तो उसके कामकाज पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यहां थोड़े-थोड़े अंतराल पर कोई न कोई बड़ी वारदात हो जाती है।

यहां के पालम इलाके में एक युवक ने अपने ही चार परिजनों की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि उसे नशे की लत थी और वह नशा करने के लिए पैसे मांग रहा था। पैसा न मिलने की वजह से बहस हुई और उसने अपने पिता, मां, बहन और दादी की चाकू मार कर हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है, मगर इस घटना से एक बार यह सवाल फिर गाढ़ा हुआ है कि आखिर युवाओं में हिंसा का मानस बन कैसे रहा है। ऐसी घटनाएं अब इतनी सहज कैसे हो गई हैं। इसके पीछे महानगरीय विसंगतियों और सामाजिक ताने-बाने के लगातार कमजोर होते जाने को बड़ा कारण बताया जाता है, मगर इस आधार पर कानून-व्यवस्था संभालने वालों को अपने बचाव का रास्ता नहीं मिल जाता। यह छिपी बात नहीं है कि दिल्ली में बहुत सारी आपराधिक और हिंसक घटनाओं के पीछे नशाखोरी की लत बड़ा कारण है। यहां नशीले पदार्थों की बिक्री में लगातार इजाफा हो रहा है। पुलिस और स्वापक विभाग युवाओं के कुछ जलसों पर छापे मार कर कभी-कभार गिरफ्तारियां आदि करते हैं, मगर इससे नशे के कारोबार पर अंकुश नहीं लग पाता। इसके चलते बहुत सारे युवा नशे की गिरफ्त में हैं और उनके परिवार की परेशानियां बढ़ गई हैं। कई असमय अपनी जान गंवा बैठते हैं। ऐसे युवाओं में हिंसक प्रवृत्ति स्वाभाविक रूप से पैदा हो जाती है।

विशेषज्ञ बताते हैं कि जब उन्हें नशे की तलब लगती है, तो वे खुद नहीं समझ पाते कि क्या कर रहे हैं। वे अपना विवेक खो देते हैं। यह भी उजागर तथ्य है कि नशे के कारोबारी सबसे अधिक किशोर और युवाओं को अपना शिकार बनाते हैं और फिर वे उनके लिए नशे की खपत में सहयोगी बन जाते हैं। ऐसा नहीं माना जा सकता कि अगर दिल्ली पुलिस तलाशने का प्रयास करे, तो वह इस कारोबार की मुख्य कड़ी को नहीं पकड़ सकती।

यों तो दिल्ली के लगभग हर इलाके में कैमरे लगा दिए गए हैं, सड़कों पर भी कैमरे लगे हैं, फिर भी चलती गाड़ी में बलात्कार, छेड़खानी, छीना-झपटी की घटनाएं अक्सर सामने आ जाती हैं। कुछ हद तक इसके पीछे संचार माध्यमों पर हिंसा को उकसाने वाली सामग्री की उपलब्धता कारण है, जिससे युवाओं में हिंसा के प्रति सहज स्वीकार भाव पैदा हुआ है, मगर निगरानी तंत्र की कमजोरी उनमें ऐसा करने का साहस पैदा करता है। आमतौर पर परिवार के लोगों की हत्या कर देने जैसी घटनाओं के पीछे सामाजिक और नैतिक मूल्यों में आई गिरावट को बड़ा कारण मान कर देर तक चर्चा होती रहती है या फिर उन्हें नजरअंदाज करने की कोशिश की जाती है। मगर अब आपराधिक घटनाओं को मूल्यों की आड़ लेकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पुलिस को युवाओं में पुख्ता होते हिंसा के मानस को नए ढंग से समझने और उसके स्रोतों पर प्रहार करने की जरूरत है।

# विवाह की बुनियाद और सहजीवन

**भारत के विशेष संदर्भ में अगर बात करें तो यहां विवाह और परिवार को उच्च स्तरीय सामाजिक संस्था का दर्जा प्राप्त है, जिसका विकास एक लंबे कालखंड के दौरान हुआ है। हिंदू विधि में विवाह को एक संस्कार माना जाता है और मुसलिम विधि में एक संविदा। जब संस्कार की बात करते हैं तो पता चलता है कि एक वैध विवाह की कानून में कुछ शर्तें बताई गई हैं। मसलन, होम और सप्तपदी। अगर उनका अनुपालन नहीं किया गया, तो विवाह वैध नहीं माना जाएगा। यानी अगर वर-वधू अपने इष्ट मित्रों को साक्षी मान कर मंदिर में माला आदान-प्रदान कर विवाह करते हैं तो उसे वैध विवाह नहीं माना जाएगा। यही कारण है कि द्विविवाह के जिन मुकदमों में न्यायालय को दोनों विवाह वैध नहीं मिलते, वहां द्विविवाह का अपराध भी सिद्ध नहीं माना जाता और फिर उस विवाह संबंध में आई महिला की सामाजिक विधिक स्थिति पर प्रश्न चिह्न लगता है। उसके भरण-पोषण के बाबत न्यायपालिका का निर्णय कैसा होगा, यह उस न्यायाधीश के उदारवादी दृष्टिकोण के अधीन होता है। इससे अलग हट कर वैध रीति से ऐसे विवाहित दंपति का प्रसंग लिया जाए, जहां विवाह दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों को धता बताते हुए दहेज की मांग और पूर्ति के अधीन संपन्न किया जाता है, वहां विवाह के बाद की जाने वाली मांग, प्रताड़ना और हत्याओं के मद्देनजर आपराधिक विधि में बड़े परिवर्तन किए जाते हैं और क्रूरता तथा दहेज हत्या को अपराध घोषित किया जाता है।**

**आज** आवश्यकता इस बात की है कि वैवाहिक संबंध को पुन: परिभाषित किया जाए और अधिकारों और कर्तव्यों का पारदर्शी तरीके से परिमार्जन किया जाए। मूल्यहीनता के जिस भंवर में समाज धंसता जा रहा है उसे समय रहते उससे निकाला जाए, क्योंकि प्रभुत्व, प्रभाव और वर्चस्व की लड़ाई में कुंठित मानसिकता हावी होती है, धर्म विशेष की हठधर्मिता नहीं। समाजशास्त्री एमिले दुर्खीम का मानना था कि जब समाज में अत्यधिक तेजी से असंगत परिवर्तन होगा, तो पुराने मूल्य और परंपराएं ध्वस्त हो जाएंगी, समाज नए मूल्यों को प्रतिस्थापित नहीं कर पाएगा। ऐसा संक्रमणग्रस्त समाज मूल्य और नैतिकता से परे एक बीमार समाज को जन्म देगा। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है, पर जब-जब परिवर्तन की गति अनियंत्रित, अनियमित और अनुशासित रही है, प्रकृति ने कहर बरपाए हैं। नए प्रकार की सामाजिक संरचना नई मान्यताओं को गढ़ती, नए तरीके की सोच रखती, नए रास्तों और विकल्पों की तलाश करती और समाज के लिए नई चुनौतियां पैदा करती है। समय के साथ बदलते समाज में पति और पत्नी दोनों को नौकरी करने की आवश्यकता पड़ी और नौकरी की शर्तों और दशाओं को पूरा करते हुए पारिवारिक दायित्वों का बोझ अकेले पत्नी द्वारा उठाना कठिन प्रतीत होने लगा, तो इस परिस्थिति को भांपते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के प्रति हर प्रकार के विभेद को समाप्त करने के लिए एक अभिसमय अस्तित्व में आया (सीडा)। उसमें स्पष्ट कहा गया कि मातृत्व एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

यानी समय के साथ समाज और सामाजिक संबंधों को समझौतों की सीढ़ी पर ही चलना होता है। अन्यथा एक पक्ष द्वारा झेले जा रहे तनाव, अवसाद और कुंठा को उसकी अगली पीढ़ी न सिर्फ सिरे से खारिज करती, बल्कि इस संस्था की चूलें तक हिला देती है। अब सब कुछ बदल चुका है। अब लड़की लड़कों के साथ उच्च शैक्षिक संस्थान में पढ़ती है और कई बार उसे अपने शहर से दूर जाकर रहना पड़ता है। फिर आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया में सरकारी, निजी, गैरसरकारी, संगठित या असंगठित क्षेत्र में नौकरी करनी पड़ती है। ऐसे में इस युवा पीढ़ी के साथ जाने-अनजाने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, जब इन्हें अपने विपरीत लिंगी व्यक्ति के साथ भी रहना पड़ता है। इसका कानूनी संदर्भ में देखें तो लगता है कि हमारे यहां कानून में इस आशय का कोई भी विधान नहीं है, जो दो वयस्क लोगों को स्वेच्छा से साथ रहने में किसी प्रकार की कोई रोक लगाता हो। यहां कानून नैतिकता के साथ कदमताल में पीछे छूट जाता है।

हांलाकि कानूनी तौर पर किसी कृत्य को अपराध न मानना एक बात है और रूढ़िवादिता की जड़ों में पनपते पितृसत्तात्मक समाज का घृणास्पद पहलू दूसरी बात। ऐसी परिस्थितियां भी समाज में बनने लगी हैं कि वयस्क युवक-युवतियां बिना विवाह के एक साथ एक छत के नीचे पति-पत्नी की तरह रहने लगे हैं, लेकिन सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करने को तैयार नहीं हैं। नतीजतन, ऐसे संबंधों में भी हर प्रकार की शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और लैंगिक हिंसा की घटनाएं सामने आने लगीं। इसके मद्देनजर 2005 में महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने के लिए अधिनियम बनाया



गया। उसमें कहा गया कि ऐसे जोड़े, जो बिना विवाह के भी साथ रह रहे हैं और स्त्री हिंसा की शिकार हो रही है, उसे संरक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त अधिनियम में हिंसा को रोकने की व्यवस्था की गई थी, न कि बिना विवाह के पति-पत्नी की तरह रहने वालों को कानूनी मान्यता प्रदान की गई। यानी कानूनी रूप से विवाहित पत्नी तो होती है, मगर कानूनी रूप से सहजीवन नहीं सुना गया है। कहने का तात्पर्य यह कि वर्तमान समाज की संक्रमण कालीन विभीषिका ने पुरानी संस्थाओं को तिरस्कृत कर उससे बगावत करने को उत्प्रेरित कर दिया। युवा पीढ़ी की लड़कियों को लगा कि अगर विवाह का बंधन नहीं होगा तो उससे जुड़ी पेचीदगियां भी नहीं झेलनी पड़ेंगी, क्योंकि उन्होंने सुन रखा था कि महिलाओं के उत्पीड़न की मूल जड़ विवाह है। पर ऐसा नहीं हुआ, बल्कि एक नए प्रकार की समस्या उत्पन्न हुई कि ऐसी लड़कियों के अपने अभिभावकों से संबंध टूट गए। इस तरह आधुनिक बनने की होड़ और समूहगत दबाव में जब युवा पीढ़ी ने प्रेम, विश्वास, त्याग और समर्पण जैसे मूल्यों को तिलांजलि दे दी, तो उनके समक्ष कोई विकल्प नहीं बचा। आजकल श्रद्धा हत्याकांड के विविध पक्षों पर बहस हो रही है और कहीं 'लव जिहाद' और 'घर वापसी' जैसे मुद्दों पर दंगल चल रहा है। गौरतलब है कि आज से बीस वर्ष पहले नैना साहनी तंदूर कांड भी इससे कुछ अलग नहीं था। सुशील शर्मा ने नैना साहनी के साथ अपने संबंधों को सार्वजनिक मान्यता देने की जगह नैना के एक मुसलिम मित्र से संबंध के शक में गोली मार दी और सबूत मिटाने के लिए उसके शरीर की बोटी-बोटी बगिया रेस्तरां के तंदूर में जला दी। आज की तारीख में अभियुक्त की मृत्युदंड की सजा आजीवन कारावास में बदली जा चुकी है। ऐसे में न सिर्फ समाज के ठेकेदारों, बल्कि इस उदीयमान युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि हमें आधुनिकता, भौतिकता और विकृत पूंजीवादिता की अंधी खाई में कुछ भी प्राप्त नहीं होने वाला। अब यह भी समझना होगा कि अगर एक स्तर पर आकर यह आरोप लगाया जाता है कि अमुक व्यक्ति द्वारा विवाह का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाए गए थे, तो न्यायालय भी मदद कर पाने की स्थिति में नहीं रह जाता है। वह पूछता है कि अगर आप वयस्क थे और स्वतंत्र सहमति के मायने जानते थे तो आपको यह भी समझना चाहिए कि ठहराव कहां और कब आना चाहिए। अगर हम उन मानवीय मूल्यों की तलाश एक अंधे कुएं में करेंगे तो हमें सफलता नहीं मिलेगी।

## आज का राशिफल

### मेष
आज कोई नया काम शुरु कर सकते हैं। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। दोपहर के बाद आपकी नौकरी और व्यापार में रुचि बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृषभ
दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

### मिथुन
आज लोगों से बातचीत करते समय अपने ज्ञान और अहंकार को बीच में ना लाएं। आज आपके परिवार का वातावरण उल्लासपूर्ण रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा।

### कर्क
आपके अधूरे काम पूरे होने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापारिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना रहेगी। दोपहर के बाद आपका ध्यान मनोरंजन पर रह सकता है।

### सिंह
मित्रों एवं स्वजनों के साथ घूमने-फिरने का अवसर आपको प्राप्त होगा। मान-सम्मान प्राप्त हो सकता है। भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक काम करने से सफलता अवश्य मिलेगी।

### कन्या
किसी के साथ वाद-विवाद न करें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण में शांति बनी रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्फूर्ति और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आप के अधूरे काम पूरे होंगे।

### तुला
व्यापार में सहकर्मियों का अच्छा सहयोग आपको मिलेगा। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है।

### वृश्चिक
आप निवेश संबंधी योजना पर काम कर सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप रिजल्ट मिलेगा। विद्यार्थियों को काम में सफलता मिलेगी। बौद्धिक और राजनीतिक चर्चा ना करें। नए काम की शुरुआत ना करें।

### धनु
शेयर- सट्टे में किसी तरह का जोखिम ना लें। आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि के योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं।

### मकर
निजी संबंधों में कोई विवाद आपको परेशान कर सकता है। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पानी वाली जगहों पर जरा संभलकर रहें। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

### कुंभ
पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कन्फ्यूजन बना रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन में ग्लानि दूर होगी और आनंद छा जाएगा।

### मीन
नए काम करने के लिए आप तैयार रहेंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे।

## प्रदेश समाचार

# पार्षद ने वार्ड में घर-घर जाकर किए पट्टे वितरित

शौकत खान



**डेगाना (नागौर डेली न्यूज)।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन शहरों के संग के तहत डेगाना नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहे पट्टा वितरण अभियान के तहत वार्ड संख्या 23 झगड़वास मे पार्षद नोरत राम झगड़वास ने वार्ड वासियों को घर-घर जाकर आवासीय पट्टे वितरित किये। पार्षद नोरत राम ने बताया की विधायक विजयपाल मिर्धा के नेतृत्व मे पालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर पट्टा योजना का लाभ डेगाना वासियो तक पहुँचाया जा रहा हे। इस दौरान पार्षद वार्ड वासियो को जागरुक कर सरकार की इस योजना का लाभ लेने हेतू प्रचार भी कर रहे हे। पालिका द्वारा अब तक एक हजार से ज्यादा पट्टे वितरित किये जा चुके है। पार्षद नोरतराम ने बताया कि डेगाना नगरपालिका का लक्ष्य है कि कि हर घर को पट्टे मिले इस दौरान घर-घर जाकर लोगों को पट्टे वितरित किए जा रहे हैं। प्रशासन शहरों के संग के तहत लगातार डेगाना नगर पालिका में पट्टे वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद नोरतराम झगड़वास, जबर चंद राव, दिलीप राव, इंदर चंद राव, इन्द्र कुमार, रुकमणी देवी, भंवरी देवी, खियांराम गिवारिया, सुरेश राव, मंगल चंद नायक, धनराज प्रजापत, भारत बप्पू सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# विकास में करें विज्ञान का उपयोग, विनाशकारी उपयोग मानव सभ्यता के लिए अभिशाप : शिक्षा मंत्री

जयपुर।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला ने शुक्रवार को बीकानेर में देशनोक के करणी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 55 वीं राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बी.डी कल्ला ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। इसने पूरी दुनिया को ग्लोबल विलेज बना दिया है। उन्होंने विज्ञान का उपयोग विकास में करने का आह्वान किया। साथ ही चिंता जताई कि इसके विनाशकारी उपयोग मानव सभ्यता के लिए अभिशाप हैं। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने इक्कीसवीं सदी के तकनीकी क्षमता संपन्न भारत की कल्पना की। वह सपना आज साकार हुआ है। आज हमारे देश के वैज्ञानिक नित नए आविष्कार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान मेला वर्षों बाद बीकानेर जिले में तथा पहली बार देशनोक में आयोजित हुआ है। प्रदेश भर के विद्यार्थियों ने इसका भरपूर लाभ उठाया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा देशभक्ति और महात्मा गांधी के प्रिय गीतों के गायन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कॉपी जांच के बाद स्कूलों में शतरंज खेलने का कीर्तिमान स्थापित किया गया है। इसे भी शीघ्र ही वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बच्चों को संयमित भोजन करने, अच्छी संगत रखने और मोबाइल-टेलीविजन से दूर रहने का आह्वान किया।




# मानसिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचने के लिए आध्यात्मिक उन्नति जरूरी : कलराज मिश्र

जयपुर।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि पर्यावरण प्रदूषण की ही तरह मानसिक प्रदूषण भी मानवता के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मानसिक प्रदूषण और इसके दुष्प्रभावों से मुक्ति के लिए स्वस्थ जीवनशैली, आध्यात्मिक उन्नति जरूरी है। राज्यपाल मिश्र शुक्रवार को मुरलीपुरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नवनिर्मित पीस पैलेस के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन का सर्वांगीण विकास को लक्ष्य बनाकर ही देश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। उन्होंने कहा कि इसमे भारतीय संस्कृति के उन आदर्श मूल्यों का प्रसार भी शामिल है जिनसे व्यक्ति का आध्यात्मिक आधार पर विकास होता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्था भी शांति, पवित्रता, प्रेम और खुशी का संदेश देकर मानवता के सुखद भविष्य के लिए कार्य कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' से ओत प्रोत भारतीय संस्कृति व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को संपन्न करने से जुड़ी है।

भारतीय संस्कृति में वैश्विक शांति के साथ पृथ्वी, अंतरिक्ष एवं ब्रह्मांड के प्रत्येक अवयव में शांति और समन्वय की कामना की गई है। उन्होंने इसके लिए ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा करवाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्था द्वारा स्थापित किया गया पीस पैलेस शांति की स्थापना के लिए परमार्थ और सबके कल्याण के भाव से कार्य करेगा। उन्होंने भारतीय संस्कृति से जुड़े उदात्त जीवन मूल्य, प्रार्थनाओं और चरित्र निर्माण से जुड़े आख्यानों को भी यहां श्रव्य-दृश्य रूप में प्रस्तुत किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने आरम्भ में उपस्थितजन को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया। बी.के. शीलू दीदी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। ब्रह्माकुमारी संस्था के कार्यकारी सचिव बी.के. मृत्युंजय ने संस्था के आध्यात्मिक जागृति से जुड़े क्रिया-कलापों के बारे में बताया। मुकेश भाई ने जेईसीआरसी कॉलेज में निर्मित थॉट लैबोरेट्री के बारे में जानकारी दी।



# दो सप्ताह बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर आरोपी

## नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला

अबू बकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील की एक छात्रा के साथ दुष्कर्म व ब्लेकमेल कर बदमाश द्वारा उसके रिश्तेदारों से नगद राशि की डिमांड के मामले में दर्ज रिपोर्ट को करीब दो सप्ताह बीतने को है। मगर बदमाश अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद होने के साथ छात्रा की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। पीडिता के पिता ने बताया कि 6 नवम्बर को उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म के बाद भी बदमाश खुले आम धमकियां देता रहा है। घटना के बाद उन्होंने लाडनूं पुलिस थाना पहुंचकर मामला तो दर्ज करवा दिया मगर राजनैतिक रसूखात के चलते आरोपी पक्ष पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### यह है पूरा मामला

पीड़ित ने पुलिस थाने में लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया कि नाबालिग छात्रा को अकेला पाकर रामू स्वामी पुत्र हडमान दास निवासी दुजार ने जान से मारने की धमकी देकर डरा धमका कर उसके साथ गलत कार्य किया व इसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा। इसके बाद भी उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके रिश्तेदार को बुलाया और बीस हजार रूपये व गाड़ी देने की मांग की अन्यथा गाँव में बदनाम करने की धमकी दी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा 342, 384 , 323 , 376 , 506 भारतीय दंड संहिता 3 /4 पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया। मामले की जांच लाडनूं डिप्टी राजेश ढाका कर रहे हैं ।

### इनका कहना है

परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थानाधिकारी सहित तीन जनों की टीम का गठन कर मामले की जांच व ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

**राजेश ढाका, डिप्टी लाडनूं ।**

# राज्यस्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर एलबीएस स्कूल में बैठक सम्पन्न



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के लाल बहादुर शास्त्री पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हो रही 66 वीं राज्यस्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय परिसर में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश प्रसाद राय ने बताया कि 27 नवम्बर से 1 दिसम्बर के मध्य 66वीं राज्यस्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से 42 टीमें छात्रों की एवं 36 टीमे छात्राओं की भाग लेगी, जिसकी पूर्व तैयारियों को लेकर समस्त कार्मिको के साथ चर्चा की गई प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी कार्मिको को दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रधुमन शर्मा, धनेश कुमार शर्मा, राजेंद्र मुवाल, प्रतापसिंह, सीताराम, उर्मिला गुर्जर, वीणा झाला, डॉ. ईश्वर बेडा, चम्पालाल सोनी, सत्यप्रकाश शर्मा, सुरेश सोनी, देबुराम, सोहनराम, छीतरमल पंवार, आनंदराम, सुनील जोशी, छितरराम कुमावत सहित स्थानीय स्टॉफ मौजूद रहा।

# लापरवाही : पाइप लाइन लीकेज से सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी

## रसीद प्राप्त करने के बाद भी दर्जनों घर तक नहीं पहुंचा अभी नल कनेक्शन



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज )।** थांवला क्षेत्र के ग्राम नृसिंह बासनी में पेयजल सप्लाई लाइन में लीकेज दुरुस्त नहीं होने से कई वार्डो में गंदा पानी पहुंच रहा है। ग्राम पंचायत कोड में तो महीने भर से पानी सप्लाई होती है। मुख्य पाइप में जगह- जगह हो रहे लीकेज-लीकेज की वजह से उसका भी पानी सड़कों पर ही बह जाता है। पेयजल सप्लाई लाइन में लीकेज के अलावा खुले नलों से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। कई वार्डों में नलों से गंदा और मटमैला पानी आ रहा है। इसके अलावा दर्जनों घर ऐसे हैं जिन्होंने पंचायत से रसीद भी प्राप्त कर ली पर अभी तक नल कनेक्शन तक नहीं दिया गया। कुछ घर ऐसे है जहां पानी नहीं पहुंच रहा है। जल जीवन मिशन के तहत कोड पंचायत के गांवों के रहने वाले ग्राम वासियों के घरों में शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए नृसिंह बासनी में बनी टंकी के जरिए नल कनेक्शन दिया गया, लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी लोगों को नल से पानी नहीं मिल रहा है. गांव के लोग पहले की तरह कई किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं. नृसिंह बासनी में पानी की पाइप लाइन नाले-नालियों से होकर बिछाई गई हैं, ड्रेनेज खुलने पर पाइप लाइन के सुराख भी सामने आ रहे हैं। सुराखदार पाइप लाइन से हर रोज अलग-अलग जगह में हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। इसके कारण पाइप लाइन का प्रेशर तो कम होता ही है, कई इलाकों में अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसके अलावा नाली का गंदा पानी सुराखदार पाइप लाइन से होकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। नल जल कनेक्शन के दौरान ठेकेदार की लापरवाही की बात भी सामने आ रही है। इस पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर-अजमेर जाने वाले राजमार्ग के बाईपास पर बने अम्बेडकर भवन के सामने की ओर बनी एक लॉज के पीछे शुक्रवार को दिन में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर मूण्डवा नगर पालिका कि अग्रिशमन वाहन को लेकर चालक प्रेम खेरवा, औमप्रकाश, प्रवीण व्यास, नारायण प्रजापत आदि मौके पर पहुंचे ओर आग पर पानी डाल कर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पर घास व जलाने कि लकड़ी आदी जली है।

# ट्रेक्टर-बाईक टक्कर में एक गम्भीर घायल, जयपुर रैफर

श्यामसुन्दर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी समीपस्थ ग्राम पदमपुरा रोड़ पर आज सुबह सड़क पर बाईक व ट्रेक्टर टक्कर की घटना हुई। विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़ मीठड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह दस बजे पदमपुरा रोड सड़क दुर्घटना हुई। पदमपुरा रोड़ पर ट्रेक्टर मय ट्राली से मिट्टी डाली जा रही थी। इस दौरान किसी कार्य से बाईक पर मीठड़ी से कुचामन जा रहे भंवरसिंह सोलंकी (मिस्त्री) ट्रेक्टर के अचानक रोड़ आने से ट्रेक्टर व बाईक में टक्कर हो गई। जिससे बाईक सवार भंवरसिंह गम्भीर घायल हो गए। तुरंत मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने गम्भीर घायल सोलंकी को कुचामन के राजकीय सामुदायिक भवन में पहुंचाया। इस दुर्घटना से सोलंकी को हाथ व पैर फैक्चर हो गया। सिर व कूल्हे को पर गम्भीर चोट लगी। कुचामन में प्राथमिक उपचार कर गम्भीर घायल को जयपुर रेफर कर दिया गया है। इस दौरान विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, पिन्टू अग्रवाल, हेम सिंह सोलंकी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# एल.बी.एस. के विद्यार्थियों ने जाना पानी-सीवरेज परियोजना का महत्व

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना रूडिप के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को शहर के एल. बी. एस. उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम कर छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी विकास परियोजना के बारे में जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में कैप. के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने सीवरेज प्रणाली से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि रूडिप के माध्यम से मिर्धा कॉलोनी में सीवरेज लाईन डालने का कार्य प्रगति पर है, जिसमें आमजन को सीवर कार्य के दौरान कुछ समय के लिए असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। सीवर लाईन के अन्दर आपके घर के टॉयलेट, रसोई व बाथरूम को सीवरेज लाईन से जोड़ा जायेगा, साथ ही सीवर प्रणाली को सुचारू रखने के लिए जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि कोई भी आमजन स्वयं के स्तर सीवरेज कनेक्षन नहीं करें तथा सीवरेज लाईन के मेनहॉल एवं चैम्बर में पत्थर, मलबा एवं पॉलिथिन नहीं डालें, गर्भनिरोधक व सेनेटरी नेपकिन को शौचालयों में प्रवाहित ना करें, सभी आउटलेट पर जाली लगाएं एवं नियमित रूप से जालियों की सफाई करें, कहा कि शहर साफ सुधरा एवं स्वच्छ बनेगा जिससे पर्यावरण सही रहेगा तथा मच्छर मक्खी में कमी आयेगी गन्दगी से फैलने वाली बीमारियो से छुटकारा मिलेगा।

# व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़तारोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड पुलिस ने व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक नामजद आरोपी को कस्बा रेण से गिरफ्तार किया है। मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 20 नवंबर को धन्नाराम पुत्र रमेश चंद जाति ब्राह्मण निवासी रेण पुलिस थाना मेड़ता रोड ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मैंने कस्बा रेण में ही एक प्लॉट खरीदा था। जिसको लेकर गांव के ही भू माफिया नोरतमल मेघवाल नाराज हो गया। उक्त बात को लेकर नोरतमल ने व्हाट्सएप पर वीडियो अपलोड कर तथा घर जाकर मुझे जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह सहित हेड कांस्टेबल रामप्रकाश पुलिस चौकी रेण, कांस्टेबल रामनिवास पुलिस चौकी रेण व कांस्टेबल नरसी राम पुलिस थाना मेड़ता रोड की एक टीम तैयार कर आरोपी नोरतमल मेघवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा अनुसंधान जारी है।

# कल्याणसिंह जयंती को लेकर तैयारियां जोरों पर

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** आगामी 4 दिसंबर को स्वर्गीय कल्याण सिंह कालवी की जयंती समारोह डेगाना में बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। इस संबंध में मकराना तहसील के कर्नल केसरी सिंह शुक्रवार को राजपूत सभा भवन में तुमसे और कल्याण सिंह जयंती को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान छोटू सिंह, सरपंच महेंद्र सिंह नून्द, सुमेर सिंह भाटी, किशोर सिंह मेड़तिया, महेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, करण सिंह, गिरवर सिंह सिरसु, बहादुर सिंह सहित राजपूत समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वक्फ बोर्ड अध्यक्ष खानु खान बुधवाली का किया स्वागत



अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के ग्रामीणों की ओर से राजस्थान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर खानु खान बुधवाली का छोटी खाटू स्थित होटल पर स्वागत किया गया। इस दौरान नागौर जिला वक्फ कमेटी के सदस्य इक़बाल खान की अगुवाई में माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं ग्रामीणों की ओर से नई कब्रिस्तान की चारदीवारी सहित विभिन्न कार्यों को लेकर बुधवाली से चर्चा की गई। इस दौरान बुधवाली ने बताया कि वक्फ बोर्ड से जुड़े किसी भी कार्य के लिए आप हमें अवगत करवाएं कोशिश रहेगी कि बोर्ड से संबंधित सभी कार्य समय पर किया जाए। जो लोग बोर्ड की जमीनों पर कब्जा जमाए बैठे हुए हैं उनसे एक-एक करके सारी जमीनें वक़्फ़ बोर्ड लेकर रहेगा।कई मामलों में तो वक़्फ़ बोर्ड ने अति कर्मियों को बर्खास्त कर वक्फ बोर्ड की जमीन अपने कब्जे में की है। कई जगहों पर कार्यवाही जारी हैं।नागौर जिला वक्फ बोर्ड कमेटी के अध्यक्ष मुश्ताक खान ख़ातियासनी का भी इस दौरान स्वागत किया गया।

इस मौके पर हाजी फैयाज खान, मोहम्मद अली भुरावत,इकबाल खान, अलाउद्दीन खान,मोहम्मद हुसैन, भामाशाह मोहम्मद नवाब गेसावत,जेडी कब्जा, शब्बीर अहमद, नूर मोहम्मद ठेकेदार, शहादत अली, यूसुफ खान, हाकम अली, अलीमुद्दीन गैसावत सहित काफ़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मेहन्दी रचाकर ईठलाई छात्राएं

## आस्था पीजी महाविद्यालय में दो दिवसीय मेहन्दी, रंगोली व चार्ट मॉडल प्रतियोगिताओं का समारोहपूर्वक हुआ शुभारम्भ





### आज होगा समापन समारोह

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के बूडसू रोड जसराणा स्थित आस्था पीजी महाविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय अन्तर संकाय मेहन्दी, रंगोली व चार्ट मॉडल प्रतियोगिताओं का समारोहपूर्वक शुभारम्भ हुआ। इण्डियन व आस्था एज्यूकेशन ग्रुप चैयरमेन भूराराम शेषमा, प्राचार्य डॉ. के.जी. शर्मा, निदेशक गणेश शेषामां व केप्टन के.एल. कुमावत ने मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया।

प्रतियोगिता प्रभारी कमल कुमार कुमावत ने बताया कि प्रथम दिन मेहन्दी प्रतियोगिता में कला संकाय की वन्दना प्रथम, मिनाक्षी सैन द्वितीय तथा विज्ञान संकाय की सलौनी कुमावत व सुनीता कुमावत क्रमश: तृतीय स्थान पर रही। आस्था स्कूल के निदेशक दयाल शेषमां, मरूधर कंवर व भंवर कंवर निर्णायक मण्डल में शामिल रहे। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय के कान्ता कुमावत ग्रुप की सुनीता, पिंकी, निलम व अनिषा जांगिड़ प्रथम रही। कला संकाय के कोमल ग्रुप की रचना भाकर, रेखा, पूजा मेघवाल, मिनाक्षी द्वितीय तथा विज्ञान संकाय सलोनी ग्रुप की सपना, मोना कुमावत व इन्द्रा रूलानिया तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस शनिवार को चार्ट मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके पश्चात समापन समारोह होगा, जिसमें विजेताओं को पारितोषिक दिया जाएगा।

# आमजन के काम प्राथमिकता से करें कार्मिक : सीओ गोदारा

## रियांबड़ी में कार्यकारी अधिकारी ने ली समीक्षात्मक बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** कस्बे के पंचायत समिति परिसर में शुक्रवार को कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह गोदारा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सीओ गोदारा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक आमजन तक लाभ पहुंचाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि कोई भी कार्मिक काम में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतेगा। काम में लापरवाह कार्मिक को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत सिंह जिला परिषद नागौर एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास योजना सहित सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वा वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग संस्थान, मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़ सहित सहायक विकास अधिकारी धर्मेंद्र गिल, सहायक विकास अधिकारी उदाराम चौहान, सहायक अभियंता संजय सक्सेना, हनुमान कापड़ी, कनिष्ठ अभियंता रामदेव खदाव, सहायक लेखाधिकारी सुशील गोदारा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी बसंत कुमार, सहित ग्राम विकास अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्रगति अवधि में पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोदारा ने पंचायत समिति रियांबड़ी क्षेत्र की भौगोलिक व ऐतिहासिक स्थिति की जानकारी लेते हुए जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना एवं उनका उचित समाधान करने का आश्वासन दिया।

**समस्याओं का भी करें समाधान :** समीक्षा बैठक के अलावा आमजन की समस्याओं को भी समय पर समाधान करने के लिए पंचायत राज के कार्मिकों को निर्देश दिए गए । बैठक में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मदनराम गोरा सहित ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष छैला राम इनानिया , ग्राम विकास अधिकारी रामलाल, रामकरण चोटिया, संदीप गोदारा, रमेश चंद्र मीणा, कृष्ण गोपाल शर्मा, राजूराम मीणा, हंसराज मीणा,सुनीता देवी, शारदा चौधरी, सरपंच गिरधारी लाल सैनी, रामनिवास घटियाला, संग्राम बोरानियो, मदनराम मेघवाल, रामावतार बाना, अभय सिंह राठौड़, सरपंच संघ अध्यक्ष हरसुख राम, शिवजी राम फ़िरोदा, दिलदार खां, नेमाराम सहित कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश, लखन आदि मौजूद रहे।

# प्री आरडी परेड कैंप कुचामन महाविद्यालय के हंसराज का हुआ चयन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** युवा और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित प्री आरडी परेड कैंप (पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर) में पूरे नागौर जिले के दो विद्यार्थियो में से कुचामन महाविद्यालय के एनएसएस छात्र हंसराज सेन का चयन हुआ।

प्री आरडी कैंप 26 नवंबर से 5 दिसम्बर तक प्रोफेशनल युनिवर्सिटी फगवाड़ा, पंजाब में आयोजित किया जाएगा। इस 10 दिवसीय कैंप के दौरान भारत के सभी राज्यों से आए वोलिंटियर को विभिन्न शारीरिक गतिविधियों के साथ विशेष रुप से परेड की तैयारी करवाई जायेगी। इस प्री आरडी कैंप में चयनित अभ्यर्थियों को 26 जनवरी 2023 के गणतंत्रता दिवस समारोह के लिए दिल्ली के राज पथ पर आयोजित परेड में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूपचंद ने बताया कि गणतंत्रता दिवस समारोह की परेड में चयन होना एक एनएसएस के स्वयंसेवक के लिए उच्चतम उपलब्धि होती हैं। प्राचार्य डॉ. पूरण सिंह गुर्जर ने बताया कि कैम्प में प्रात:कालीन सभा, श्रमदान, योग, शारीरिक प्रशिक्षण, गायन, नृत्य, परेड, प्रश्नोत्तरी, वादविवाद, के साथ ही लोक कला संस्कृति को समझने के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाता है।

# किशोर मेघवाल हत्याकांड मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** किशोर मेघवाल हत्याकांड मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि 23 नवम्बर को प्रार्थी श्यामलाल मेघवाल निवासी पांचोता ने रिपोर्ट दी कि मेरा पुत्र किशोर कुमार शादी में जाकर वापस बरात में श्यामगढ आ रहा था। बरात में उसके साथ भींवाराम पुत्र शिवबक्स जाट निवासी पांचोता, राजेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह रावणा राजपूत निवासी पांचोता, विमल उर्फ भानु हरिजन निवासी गोगलास ने 4-5 अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर अपराधिक षडयंत्र रचकर किशोर को जबरदस्ती जांगलडी तलाई श्यामगढ में धारदार हथियार से वार कर मारपीट की, जिससे मेरा पुत्र किशोर बुरी तरह से घायल हो गया, जिसको किसी अनजान व्यक्ति ने मारोठ सामुदायिक केन्द्र पंहुचाया, वहां से उपचार हेतु एसएमएस होस्पीटल जयपुर रेफर कर दिया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर डिप्टी संजीव कटेवा ने जांच शुरू की। पुलिस ने नामजद आरोपी



भींवाराम व विमल उर्फ भाणु को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपियों ने गुनाह कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि शादी की बारात के पीछे श्यामगढ जाते समय मृतक किशोर कुमार के साथ गम्भीर मारपीट करने के बाद सड़क किनारे मोटरसाइकिल सहित पटक कर भाग गये थे।

# श्रीमद भागवत पारायण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ, श्रद्धालुओं ने लिया कथा का आनंद

## श्रीमद् भागवत पारायण कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ

### भागवत की पूजा अर्चना कर भागवत पारायण को प्रारंभ किया गया

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी शहर की ब्रह्मपुरी मोहल्ले में स्वर्गीय महेंद्र कुमार दिवाकर की स्मृति में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत पारायण कथा व रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। इस मौके पर महालक्ष्मी मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जो की कथा स्थल तक पहुंची। इस दौरान विद्वान पंडित रामकृपाल शास्त्री, गोपाल शास्त्री, परीक्षित दाधीच ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना को संपन्न कराया। इस मौके पर कथा के मुख्य यजमान माधव लाल दिवाकर, विष्णु प्रसाद दिवाकर, निर्मल दिवाकर, मीनाक्षी दिवाकर, सुशील दिवाकर, अरुणा दिवाकर, जय कुमार दिवाकर, अमिता दिवाकर ने पूजा अर्चना में भाग लिया।

इस मौके पर कथावाचक रामकृपाल शास्त्री ने कहा कि मंत्रोचार के साथ श्रीमद् भागवत परायण कथा का संगीतमय वाचन किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत परायण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है।इसको सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि नारद जी ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां सन्त कुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया। इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए।

**भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते है :** शास्त्री कहा कि भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। शास्त्री ने बताया कि यदि हमें आंतरिक शांति चाहिए तो अपने कर्तव्य का सदा ही शुद्ध मन से करने की चेष्टा बढ़ानी होगी। साथ ही उस परमात्मा को याद करने के लिए हमें कुछ समय अवश्य निकालना होगा, ताकि हमारे अंदर स्वच्छ विचारों का उदय हो सके। उन्होंने कहा कि हमें अहंकार को त्याग कर ईश्वर की भक्ति करनी होगी, इसी से शांति की प्राप्ति होगी। शास्त्री ने कहा कि व्यक्ति के पास सुख सुविधाओं के बहुत साधन हो पर मन को शांति ना हो तो उसे कुछ अच्छा नहीं लगता और जिसके मन में शांति हो उसे किसी भौतिक वस्तु की जरूरत नहीं होती। अगर मन शांत है तो कोई भी अवगुण हमारे अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। मन के शांत होने का अर्थ इच्छाओं का समाप्त हो जाना है। जब हमारी इच्छाएं पूरी तरह से शांत हो जाती हैं, तो आम मनुष्य भी महान संत स्वरूप हो जाता है। इसीलिए भागवत कथा का मूल पाठ करवाना चाहिए। वही आयोजक निर्मल दिवाकर ने बताया कि सात दिवसीय इस कथा का वाचन 2 दिसंबर तक चलेगा इसके साथ ही पूर्णाहुति के साथ विधि-विधान के साथ कथा का समापन किया जाएगा।

### सामूहिक आरती का हुआ आयोजन

उन्होंने बताया कि इस दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर एडवोकेट जेके वैष्णव, कैलाश पुजारी ,राजेश दिवाकर, सुरेश दिवाकर, मोहन मेहरिया, सीपी पुजारी, किरण मालपानी, भंवरी देवी ,राधिका दिवाकर,जितेंद्र दिवाकर, लक्ष्य दिवाकर, मानव शर्मा,दीपेश शिवम दिवाकर,सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल की कार्यसमिति बैठक आयोजित



मेहबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** क्षेत्र के खजवाना में भाजपा मंडल की कार्यसमिति बैठक पालड़ी जोधा में मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पिंडेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जन आक्रोश रैली की तैयारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

भाजपा पार्टी का राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया एवं कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फैंकने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्रयास करने के लिए आह्वान किया गया। मुख्य वक्ता जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष और कार्यसमिति बैठक प्रभारी डॉक्टर हापुराम चौधरी ने जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता को कमर कसने के लिए कहा। महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज जैन, उपाध्यक्ष प्रकाश लेगा, महामंत्री सूर्यप्रकाश जोशी ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जन-जन को सजग करने का आह्वान किया।

मंच संचालन नाथूराम खोजा व नथमल रांकावत ने किया। बूथ अध्यक्ष संपतराम ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने अनुमोदन किया। इस मौके पर धर्मवीर सिंह इंद्राज चौहान, सिब्बू गिरी नेमाराम खोजा, नेनाराम भाकल सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# रक्तदान शिविर में 240 यूनिट रक्त किया संग्रहित



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** सुप्रीम फाउण्डेशन के समन्वयक विष्णु शर्मा ने जानकारी देकर बताया कि ट्रस्टी व भामाशाह सेठ बजरंगलाल तापड़िया के 89वें जन्मदिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कायमखानी नगर डेगाना में आयोजित किया गया। लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में भाग लिया तथा रक्तदान किया। इसमें 240 यूनिट रक्तदान संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन मदनलाल अटवाल, संभागीय पदाधिकारी संस्कृत विभाग शशिकान्त शर्मा, समाजसेवी वेणीगोपाल शर्मा, डॉ. आरके चौधरी, उपाध्यक्ष हारूण राशीद खान, पार्षद रफीक खान द्वारा रक्तदान का फीता काटकर रक्तदान शिविर में शुभारंभ किया। जानकी देवी, सुप्रीम फाउण्डेशन के रवीन्द्र जोशी, रामकिशोर चौधरी, राकिशोर कडालिया, सुमित्रा, सुरेश सिंह विश्नोई, संस्था प्रधान निरकेश बाई व फाउण्डेशन के स्वयंसेवक व गणमान्य नागरिक गौतम गौड, पर्वत सिंह हाडा, सोनू कडवा रामकुवार राव, रामकुवार कडोलिया, लालाराम डारा धर्माराम, महावीर प्रसाद, भंवरसिंह, गिरधारी लाल जांगीड मौजूद रहे।

इस शिविर में एसडीएम पंकज गढ़वाल, तहसीलदार सज्जन राम, सीताराम बिन्दा, शौकत खान सहित ने भी रक्तदान किया । फाउण्डेशन शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते इस देश के नागरिको को उन्नत कर रही हो फाउण्डेशन सामाजिक व शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर रही है। भामाशाह बजरंग बारा तापडिया भारत के सौ धनाढ्यों में 99वाँ स्थान रखते है।

# जन आक्रोश यात्रा को सफल बनाने का किया आह्वान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रदेश उपाध्यक्ष व अजमेर सम्भाग प्रभारी प्रसन्नचन्द महत्ता ने जन आक्रोश यात्रा से सम्बंधित लाडनूं विधानसभा के कार्यकर्ताओं की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश का नेतृत्व करने वाली है। गाँव- गाँव, ढाणी-ढाणी जाकर कांग्रेस सरकार की किसान विरोधी नीतियों, भ्र्ष्टाचार, कुशासन तथा फैल रहे जंगलराज से अवगत करवाना चाहिए। जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की मुख्य ताकत होता है। सभी को एक साथ मिलकर यात्रा को सफल करना चाहिए।

विधानसभा प्रभारी नाथूराम कालेरा ने सभी कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा करके यात्रा को सफल बनाने का आहवान किया तथा यात्रा का रूट चार्ट तैयार किया। यात्रा लाडनूं विधानसभा में 05 दिसंबर से प्रारंभ होकर 13 दिसंबर तक निकाली जायेगी जो विधानसभा के प्रत्येक गांवों में जाएगी समापन 18 दिसंबर 2022 को लाडनूं मे होगा।

# डेगाना में एडीजे कोर्ट खोलने की मांग को लेकर जिला व सेशन न्यायाधीश को सौंपा ज्ञापन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शुक्रवार को डेगाना के एसीजेएम कोर्ट के निरीक्षण मे आये जिला एंव सेशन जज से अधिवक्ता संघ डेगाना की ओर ज्ञापन देकर एसीजेएम कोर्ट को क्रमोंन्नत करवाकर एडीजे कोर्ट करने की मांग की। बार संघ डेगाना के अध्यक्ष जीयाराम रायल, उपाध्यक्ष भवानीसिह, शिम्भूसिंह आंतरोली, दिलीप सिंह बछवारी, दीपाराम चौधरी, कमलेश व्यास, पन्नेसिंह ईन्दा, हरिराम बिन्दा, तिलोक चंद शर्मा, रणजीत सिंह, शिवराम डूडी, छोटूराम बैडा, अंजू शेखावत सहित संघ के सदस्यों ओर पदाधिकारियों ने बताया कि तहसील मुख्यालय डेगाना पर कनिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय 15 फरवरी 1980 को खुला था जो सन् 2015 में क्रमोन्नत किया जाकर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में चल रहा है। नागौर जिला के सभी उपखण्ड क्षेत्र में माननीय ए.डी.जे. कोर्ट की स्थापना की जा चुकी है। परन्तु डेगाना उपखण्ड मुख्यालय पर ए.डी.जे. कोर्ट की स्थापना अभी नहीं की गई है। जबकि यहाँ न्यायालय में करीब 1700 फौजदारी प्रकरण एवं करीब 1000 दिवानी एवं विविध प्रकरण वर्तमान समय में न्यायालय में विचाराधीन है ।तथा डेगाना क्षेत्र में दो पुलिस थाने एवं एक पुलिस चौकी कार्यरत है। इसके अलावा छ्ः राजस्व निरीक्षक, 53 पटवार मण्डल व तीन तहसीलें, एक उप-तहसील 57 ग्राम पंचायते व 207 राजस्व ग्राम स्थापित है। इस क्षेत्र की आबादी वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 2.68.255 है। इस प्रकार डेगाना न्यायिक क्षेत्र का भू-भाग काफी बड़ा है। तथा इस क्षेत्र के कई गांवों से मेड़ता क्षेत्र की दूरी करीब 60 से 80 किलोमीटर दूर पड़ती है, जिससे आम जन को मेड़ता डी. जे. अथवा. ए.डी.जे. न्यायालय में उपस्थित होने एंव मुकदमों को पैरवी करने हेतु जाने में अत्यधिक आर्थिक व समय का नुकशान उठाना पड़ रहा है

### डेगाना वंचित क्यों

अभी कुछ ही महीनों पूर्व जायल उपखण्ड क्षेत्र में ए.डी.जे. कोर्ट कैम्प की घोषणा की जा चुकी है, परन्तु डेगाना क्षेत्र के निवासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है। अगर डेगाना क्षेत्र में ए.डी.जे. कोर्ट स्थायी रूप से प्रारम्भ किया जाता है तो आम जन को सस्ता, शुलभ व त्वरित न्याय उपलब्ध हो सकेगा तथा उन्हें होने वाले आर्थिक व समय के नुकसान से भी रूबरू नहीं होना पडेगा। राज्य सरकार व माननीय उच्च न्यायालय राजस्थान की निति भी विकेन्द्रीकरण की रही है। उसी के अनुरूप बार संघ जरिये ज्ञापन यह मांग करती है कि डेगाना मुख्यालय पर अविलम्ब ए.डी.जे. कोर्ट की स्थापना की जायें। ज्ञापन में बताया कि हॉल ही में उच्च न्यायालय ने डेगाना में नये भवन निर्माण के लिए करीब 13 बीघा जमीन राज्य सरकार से आवंटित करवायी है। इससे ए.डी.जे. कोर्ट की स्थापना किये जाने पर अतिरिक्त निर्माण खर्च वहन करने भी जरूरत नहीं पड़ेगी व आम जन को शुलभ, सस्ता व त्वरित न्याय मिलना सम्भव हो जायेगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मेन्टोर टीचर का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के पूसाराम आईटीआई में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मेन्टोर टीचर का पांच दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर मूंडवा एसडीएम विनीत कुमार सुखाड़िया ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 की अनुशंशा में बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए आयु वर्ष 3 से 6 वर्ष के बच्चों को अधिक से अधिक आंगनवाड़ी में नामांकित कर बच्चों को एबीसीडी कीट एवं अन्य शिक्षण सामग्री से खेल खेल में बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक विकास किया जावे एवं मेन्टोर टीचर से समय-समय पर सहयोग लेकर संबंधित स्कूल में आंगनवाड़ी का नामांकन बढ़ाया जाए। इस अवसर पर सीबीईईओ मानाराम पचार ने बताया कि इन 5 दिनों में जो प्रशिक्षण प्राप्त किया उन्हें अपने अपने विद्यालय व आंगनवाड़ी में क्रियान्वित करने पर ही इस प्रशिक्षण का ओचित्य रहेगा एवं आने वाली कठिनाइयों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मेन्टोर टीचर आपस में ठीक करें। अन्त में आरपी नरसिंह राम ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसडीएम विनीत सुखाड़िया ने पूसाराम आईटीआई का निरीक्षण किया।

प्राचार्य हनुमान राम जांगिड़ ने मशीनरी की जानकारी देते हुए बताया कि डेढ़ सौ बच्चे इस आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिनमें फिटर व इलेक्ट्रिशियन व्यवसाय में अधिक बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर की चर्चा



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज )।** थांवला कस्बे के किसान चौराहे पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में शुक्रवार को भाजपा थांवला मंडल की तरफ से सभा का आयोजन किया गया। सभा में राजस्थान की कांग्रेस सरकार की भष्ट्राचारी नीतियों के खिलाफ जनता में फेले आक्रोश को देखते हुए भाजपा की जनआक्रोश यात्रा की तैयारियों के मध्यनजर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी थांवला मण्डल की कार्यसमिति की बैठक हुई, इसमें जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पंचारिया डेगाना विधानसभा विस्तारक सुरेन्द्र नायक, थांवला मण्डल अध्यक्ष कैलाशचन्द्र कुमावत, उपाध्यक्ष पुराराम चोयल, जिला परिषद सदस्य मनोहर सिंह, मण्डल महामत्रीं ब्रजराज सिंह लखावत, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जस्साराम गुर्जर, मण्डल मंत्री चेन सिंह ,हनुमान सिंह रावत, छोटूराम रेणीवाल, सम्पत राज गुर्जर दीपक सिंह ,अहमद सिंह, केशाराम रावत, दलपत सिंह, कानाराम, चीताराम रेदास, छीतरमल मेघवाल, राजेन्द्र प्रसाद, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी नितिन सिंह,चंद्रप्रकाश कुमावत, राधेश्याम बघेरिया, रामकरण कुमावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के बाद विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद दायमा के निधन पर दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धाजंली दी गई।

# राज्य स्तर पर लहराया तेजास्थली का परचम

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** वीर तेजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तेजा स्थली की छात्राओं ने माध्यमिक शिक्षा निर्देशालय, राजस्थान, बिकानेर द्वारा गोविन्द पब्लिक उ. मा. वि. धौलपुर में 20 नवम्बर से 24 नवम्बर को आयोजित 66वीं राज्यस्तरीय विद्यालयी कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता 19 वर्षीय में सीमा काला, मोनिका पोटलिया व पूनम चौधरी ने अपने करिश्माई खेल कौशल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर एवं 17 वर्षीय प्रतियोगिता में मनिषा सांगवा, खुशबू चौधरी व पुनम विश्नोई ने सम्भागित्व प्रदान कर नागौर जिले का राज्य स्तर पर गौरव-गरीमा-नाम उजागर किया। तेजास्थली के मुख्य द्वार पर खेल जगत में इस कीर्तिमय उपलब्धि



अर्जित करने के उपलक्ष्य में इन विजेता छात्राओं का कुंकुम, रोली, मोली, माल्यार्पण व गुड़-प्रसाद आदि से मुहँ मिठा करवा कर ढोल-धमाके, गाजे-बाजे के साथ समस्त स्टाफ सदस्यों, प्रबन्धन व विद्यार्थियों द्वारा भाव-भीना स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने बधाई संदेश में संस्थान अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी. आर. चौधरी ने विद्याथियों के व्यक्तित्व के चहुमुखी विकास के लिये खेलों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। इस ष्शुभ अवसर पर सम्पूर्ण तेजास्थली परिसर हर्ष-हर्ष व तेजाजी महाराज के जयकारों से गूँज उठा।

# बिग बॉस शो 16 की सीजन की प्रतिभागी गोरी नागोरी का मेड़तासिटी में हुआ अभिनंदन

## गोरी नागोरी ने कहा कि बिग बॉस का सफर अच्छा रहा वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली तो शो में फिर से जाना पसंद करेगी

### -बिग बॉस की आवाज , सलमान मामू को मिस करती है हूं : गोरी नागौरी

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** बिग बॉस शो सीजन 16 की प्रतिभागी गोरी नागोरी शो से बाहर निकलने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव मेड़ता सिटी पहुंची गोरी नागोरी के मेड़ता सिटी पहुंचने पर शहर वासियों ने स्वागत में पलक पावडे



बिछा दिए। शहर के मीरा द्वार से गोरी नागोरी का रोड शो निकाला गया जो कि शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा। इस दौरान गोरी नागोरी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी इसके साथ ही गोरी नागोरी ने भी लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान गोरी नागोरी जब अपने घर पहुंचे तब घर वालों के द्वारा भी तिलक लगाकर गोरी नागोरी का स्वागत किया गया इस मौके पर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन अनिल थानवी, उद्यमी हारुन रिजवी, समाजसेवी शौकत अली भाटी, पार्षद अमजद खान केके, शेर मोहम्मद देशवाली, बक्शू खां गोरी, जागरूक सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष इलियास खान, सीपी पुजारी सहित अनेक लोग ने गोरी नागोरी का नागरिक अभिनंदन भी किया । इस मौके पर गोरी नागोरी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि बिग बॉस का सफर अच्छा रहा। बिग बॉस में उन्हें कई खट्टे मीठे अनुभव भी हुए। उन्होंने कहा कि बिग बॉस की आवाज , शो के होस्ट सलमान खान को मिस करती है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वाइल्ड कार्ड एंट्री से उन्हें फिर से शो में आने का मौका मिलता है तो वह शो में एक बार फिर से जरूर नजर आएगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com